Steel Production in the Country

*47. SHRI SUKOMAL SEN: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) what is the annual production of steel in the country and what is the quantity of steel imported per year on an average; and

(b) what steps Government are taking to minimise the shortfall between production and demand?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SONTOSH MOHAN DEV): (a) Total production of finished steel in 1991-92 was 14.20 million tonnes. During 1992-93, production is expected to increase to 16.10 million tonnes.

Average annual import of finished steel in India during the three years ending 1991-92 was 1.24 million tonnes.

(b) In order to minimise the gap between assessed demand and domestic production, Government have been taking various steps to increase production of steel. Iron and steel has been removed from the list of industries reserved for the public sector. It has also been exempted from the requirements of compulsory licensing control over pricing and distribution of steel has also been dispensed with. These measures will encourage investment by the private sector to create additional capacities in the iron and steel sector.

Import duties on steel melting scrap and other intermediate products have also been reduced to enable the secondary sector to increase production. The integrated steel plants are in the process of modernisation/expansion.

The resultant increased production from main producers as well as the secondary producers would make India self-sufficient in most categories of steel by the end of the 8th Five Year Plan.

कृषि उद्योग

*48. **श्री रणजीत सिंह :**

श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में बहुसंख्यक नागरिक अपनी आजीविका कृषि उद्योग के माध्यम से प्राप्त कर रहे हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि देश में खाद्यान्नों की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए उनके उत्पादन में वृद्धि करना आवश्यक है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि कृषि लागत में लगातार वृद्धि होने के कारण कृषि एक अलाभकारी उद्योग हो गया है ;

(घ) क्या सरकार कृषि की स्थिति में सुधार करने के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय कृषि नीति की घोषणा करने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो यह नीति कब तक घोषित की जाने की संभावना है ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) महापंजीकार के कार्यालय द्वारा निर्मुक्त जनसंख्या के अनन्तिम आंकड़ों (1991 का पेपर 3) के अनुसार कुल मुख्य कामगारों में से करीब 65 प्रतिशत कृषकों या कृषि मजदूरों के रूप में कृषि में लगे हुए हैं।

(ख) जी, हां ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) जी, हां ।

(ङ) कृषि नीति को यथासम्भव शीघ्र अन्तिम रूप देने के लिए हर प्रयास किया जा रहा है।